# पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर
## राष्ट्रीय विश्वविद्यालय विद्यार्थी कौशल विकास कार्यक्रम
## (टाटा सामाजिक विज्ञान संस्थान)

क्रमांक / एनयूएसएसडी / टीआईएसएस / 2020 / 013 रायपुर, दिनांक: 31/01/2020

प्रति,

समस्त अध्यक्ष
अध्ययनशालाएँ
पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय
रायपुर (छ.ग.)

**विषय:** टाटा सामाजिक विज्ञान संस्थान के कौशल विकास कार्यक्रम को अकादमिक सत्र 2019–20 में विश्वविद्यालय के समस्त अध्ययनशालाओं के विद्यार्थियों हेतु प्रारम्भ करने के संबंध में।

महोदय / महोदया,

पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर एवं टाटा सामाजिक विज्ञान संस्थान मुम्बई के मध्य माह अक्टूबर 2017 में विश्वविद्यालय शिक्षण विभाग के समस्त विद्यार्थियों के कौशल विकास हेतु अनुबंध / करार हस्ताक्षरित हुआ है। तत्पश्चात् विगत् 2 वर्षों में कुल 136 विद्यार्थियों को प्रशिक्षित कर उन्हें माह फरवरी 2018 एवं अगस्त 2019 को दीक्षांत समारोह के माध्यम से प्रमाण पत्र वितरित किये गये।

उपर्युक्त विषय के संदर्भ में अकादमिक सत्र 2019–20 में समस्त अध्ययनशालाओं के विद्यार्थियों के लिए इस कार्यक्रम का संचालन प्रस्तावित है। इस कार्यक्रम को पृथक रूप से अध्ययनशालाओं में भी संचालित किया जा सकता है अथवा प्रातःकाल व सायंकाल विश्वविद्यालय के कला भवन में निर्धारित कक्ष में भी संचालित किया जा सकता है।

विगत् वर्षों में यह कार्यक्रम तीन स्तरों में करना निर्धारित था – आधार पाठ्यक्रम, विशिष्ट प्रक्षेत्र स्तर–1 व डिप्लोमा। तीन वर्ष की लम्बी अवधि के कारण डिप्लोमा प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों की संख्या बहुत ही कम हो जाती थी। अतः सत्र 2019–20 से इस कार्यक्रम का प्रारूप में परिवर्तन लाकर तीन स्तर के कार्यक्रम को 1 वर्षीय डिप्लोमा कार्यक्रम में तबदील किया गया है जिसका लाभ हमारे विद्यार्थी सफलतापूर्वक प्रशिक्षण प्राप्त कर उठा सकते हैं। कार्यक्रम में भाग लेने वाले विद्यार्थियों को उनकी सफलता पर कार्यक्रम के माध्यम से टाटा सामाजिक विज्ञान संस्थान मुम्बई की ओर से डिप्लोमा प्रमाण पत्र वितरित किया जाएगा।

चूँकि किसी भी कौशल विकास कार्यक्रम का उद्देश्य सफल स्थानापन्न होता है, अतः प्रशिक्षण कार्यक्रम के पश्चात् विद्यार्थियों का इंटर्नशिप कार्यक्रम करवाकर स्थानापन्न किया जाना प्रस्तावित है। इस डिप्लोमा कार्यक्रम की पंजीयन राशि प्रति विद्यार्थी रू 1000/– है। विद्यार्थियों से कोई अन्य शुल्क नहीं लिया जाएगा।

समस्त अध्ययनशालाओं के अध्यक्षों से अनुरोध है कि इस कार्यक्रम को विद्यार्थी हित में अपने–अपने अध्ययनशालाओं के अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों को पंजीयन कराने हेतु कृपया प्रेरित करें।

31/01/2020
डॉ. अशोक प्रधान
*समन्वयक*

**प्रतिलिपिः**

1. कुलपतिजी के सचिव, पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर को सूचनार्थ।
2. कुलसचिव के निज सहायक, पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर को सूचनार्थ।
3. विश्वविद्यालय के समस्त शिक्षकों को ईमेल द्वारा सूचनार्थ।
4. अधिष्ठाता – छात्र कल्याण विभाग, पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय को सूचनार्थ।
5. एनयूएसएसडी–टीआईएसएस, रायपुर को सूचनार्थ।

31/01/2020
डॉ. अशोक प्रधान
*समन्वयक*

Notice Board
3-2-2020
(I/C HOD)